प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- भारत सरकार ने चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की, नई संहिताएं कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण करेंगी सुनिश्चित।
- घाटशिला उपचुनाव जीतने के बाद झामुमो विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने झारखंड विधानसभा में ली शपथ, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महागठबंधन नेताओं को दिया अपनी जीत का श्रेय।
- झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने सुरक्षा शिक्षा को बताया समय की जरूरत, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने छात्रों से राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का किया आह्वान।
- 'सेवा का अधिकार सप्ताह' के तहत राज्यभर के पंचायतों में लगाए जा रहे हैं शिविर, नागरिकों के आवेदनों का किया जा रहा समयबद्ध पंजीकरण और निष्पादन।
- मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में कल सुबह शीतलहर के साथ हल्की धुंध का जताया अनुमान, दिन का मौसम शुष्क रहने की जताई संभावना।

****

भारत सरकार ने आज चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश के दशकों पुराने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाना है। श्रम मंत्रालय ने कहा कि ये नए श्रम संहिताएँ देश के कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, जन–सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित बनाएंगी। वेतन संहिता–2019, औद्योगिक सम्बंध सहिंता–2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता–2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता–2020 आज से लागू हो रही हैं।

****

घाटशिला उपचुनाव में जीत के बाद नवनिर्वाचित झामुमो विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने आज झारखंड विधानसभा में सदस्यता ग्रहण की और पद तथा गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, जेएमएम के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी और समर्थक मौजूद थे। इस अवसर पर सोमेश चंद्र सोरेन ने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्रियों और महागठबंधन के सभी नेताओं को दिया।

****

झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पहला दीक्षांत किसी भी संस्थान की विचारधारा और उपलब्धियों का प्रतीक होता है। उन्होंने ने साइबर सुरक्षा, फॉरेंसिक विज्ञान और अपराध मनोविज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण को समय की मांग बताते हुए कहा कि यह संस्थान झारखंड को सुरक्षा शिक्षा के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विद्यार्थियों से राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ समाज और देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।

****

गिरिडीह जिले के जमुआ में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा निकाली गई, इस यात्रा में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित बड़ी संख्या में युवाओं और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। मंत्री ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए पटेल साहब का योगदान ऐतिहासिक है।

****

हजारीबाग के बड़कागांव क्षेत्र में हरली पंचायत स्थित ग्राम हरली में 26 करोड़ की लागत से बनने वाले डिग्री कॉलेज का भूमिपूजन सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। यह कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधीन लगभग 4 एकड़ भूमि पर भवन निर्माण निगम द्वारा 21 महीने में

तैयार किया जाएगा। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कॉलेज निर्माण में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए स्थानीय लोगों को शिक्षा के उत्थान के संकल्प के साथ सहयोग करना चाहिए।

****

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 56वें संस्करण का आज दूसरा दिन है। फिल्मों से जुड़ी हुई गतिविधियां सुबह से ही चल रही हैं। पणजी स्थित कला अकादमी में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने प्रतिष्ठित मास्टरक्लास श्रृंखला का शुभारंभ किया।

****

राज्य सरकार की पहल, आपकी सरकार, आपके द्वार अंतर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के आज शुरू हो गया। इसके तहत राज्य भर की पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पलामू मे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि मइयां सम्मान योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद कर रही है। इधर हजारीबाग मे उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का समयबद्ध ऑनलाइन पंजीकरण, सत्यापन और निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को सेवा का अधिकार अधिनियम के अनुसार समय पर सेवाएँ मिल सकें।

****

चतरा जिले में धान की खरीद को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लोक सेतू पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रारंभ की है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में कल सुबह के वक्त शीतलहर के साथ हल्की धुंध या कोहरा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कल अधिकांश इलाकों में दिन का मौसम शुष्क और साफ रहने का अनुमान है, अधिकतम तापमान लगभग 28 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

*******समाप्त********